आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री पोंगल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज पोंगल त्योहार के इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री एल. मुरुगन के आवास पहुंचे, जहां उन्होंने तमिल रीति-रिवाजों से पूजा की। प्रधामंत्री ने इस त्योहार के महत्व को बताते हुए कहा, 'यह त्योहार (पोंगल) प्रकृति, परिवार और समाज के बीच संतुलन स्थापित करने का मार्ग दिखाता है। इस समय देश के विभिन्न हिस्सों में लोहड़ी, मकर संक्रांति, माघ बिहू और अन्य त्योहारों को लेकर उत्साह का माहौल है। भारत और दुनिया भर में रहने वाले सभी तमिल भाइयों और बहनों को मेरी ओर से पोंगल और सभी त्योहारों की हार्दिक शुभकामनाएं।'

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने माघ बिहू, उत्तरायण और पोंगल पर्व के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि ये पर्व सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और नई ऊर्जा लेकर आएं। वहीं, जबलपुर में नर्मदा तटों पर श्रद्धालुओं का पहुंचना लगातार जारी है। तिलवारा घाट, गौरीघाट और भेड़ाघाट सहित प्रमुख घाटों पर भारी भीड़ देखी जा रही है। इसके अलावा नर्मदापुरम में भी पारंपरिक मान्यताओं के अनुसार सेठानी घाट और विवेकानंद घाट समेत सभी घाटों पर श्रद्धालु नर्मदा स्नान और पूजन-पाठ कर रहे हैं।

-----------------------------------------------------

प्रगति पोर्टल’

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज राज्य में संचालित राष्ट्रीय परियोजनाओं को लेकर मीडिया से चर्चा की। उन्होंने कहा कि राजनीतिक आपाधापी में आरोप-प्रत्यारोप चलते रहते हैं, लेकिन राज्य में हो रही प्रगति और विभिन्न परियोजनाओं से प्रदेश को मिल रहे लाभ की जानकारी सुनकर संतोष होता है।

मुख्यमंत्री ने इसके लिए शासन के वरिष्ठ अधिकारियों का धन्यवाद किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया। उन्होनें कहा कि विकास कार्यों की प्रगति की निरंतर और प्रभावी निगरानी में 'प्रगति पोर्टल' आज विभिन्न राज्यों के बीच सशक्त समन्वय का एक प्रभावी मंच बनकर उभरा है।

-----------------------------------------------

*श्रीमहाकाल महोत्सव*

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज उज्जैन के श्रीमहाकाल महालोक में पाँच दिवसीय *श्रीमहाकाल महोत्सव* का शुभारंभ करेंगे। 18 जनवरी तक चलने वाला यह महोत्सव श्रीमहाकाल महालोक और त्रिवेणी संग्रहालय परिसर में कला, संगीत और वैचारिक विमर्श का संगम होगा। वीर भारत न्यास और श्रीमहाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित महोत्सव में आज गायक शंकर महादेवन 'शिवोऽहम्' की प्रस्तुति देंगे, जबकि कल मुंबई का 'द ग्रेट इंडियन क्वायर' 'शिवा' थीम पर प्रस्तुति देगा। महोत्सव के दौरान प्रतिदिन शाम चार से छह बजे तक त्रिवेणी संग्रहालय में प्रदेश की जनजातीय संस्कृति के तहत भड़म, ठाट्या, भगोरिया और बरेदी जैसे पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किए जाएंगे।

-----------------------------------------------

कांफ्रेंस

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल भोपाल स्थित ताज लेकफ्रंट होटल में आयोजित 'मध्यप्रदेश रीजनल एआई इम्पैक्ट कांफ्रेंस-2026' में भाग लेंगे. मुख्यमंत्री राज्य के एआई-सक्षम शासन और आर्थिक परिवर्तन के लिए रणनीतिक रोडमैप पेश करेंगे। इसे मध्यप्रदेश शासन के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा इंडिया एआई मिशन के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।

-----------------------------------------------

मौसम

राज्य में कड़ाके की सर्दी का सिलसिला जारी है, हालांकि बीते दिनों की तुलना में कई जिलों को घने कोहरे से राहत मिली है। अधिकांश क्षेत्रों में मौसम साफ बना

हुआ है। भिंड, मुरैना, श्योपुर, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना और सतना में सुबह के समय हल्का से मध्यम कोहरा देखा गया। उत्तर भारत से आ रही ठंडी हवाओं का असर प्रदेश के उत्तरी हिस्सों में सबसे अधिक महसूस किया जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, आज राज्य के ज्यादातर इलाकों में आसमान साफ रहने और धूप खिलने का अनुमान है।

---------------------------------------------------

अब कुछ समाचार संक्षेप में –

- शिवपुरी जिले में ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान शासकीय माधवराव सिंधिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- आजीविका मिशन द्वारा आगरमालवा में कल आयोजित "हौसलों की उड़ान" कार्यक्रम में आर्थिक गतिविधियां संचालित कर रही महिलाओं ने अपने प्रस्तुतिकरण दिए।
- धार जिले के कुक्षी विकासखंड के ग्राम मोगरा में प्रस्तावित चूना पत्थर फैक्ट्री एवं भूमि अधिग्रहण के संबंध में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने ग्रामीणों से जनसंवाद किया।
- कटनी में नागरिकों की जल संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु वार्ड स्तर पर जल सुनवाई शिविर का आयोजन किया गया ।

---------------------------------------------------